डॉ0 भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फतेहपुर।

fnukad% 20-02-2020

izsl&foKfIr

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फतेहपुर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' क्लब के द्वारा आज दिनांक 20.02.2020 को मातृभाषा दिवस के अवसर पर लघु नाटक, मातृभाषा को दर्शाना वाली लघु फिल्मों का प्रदर्शन एवं मातृभाषा पर आधारित किताबों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 अपर्णा मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संवर्धन एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल अधिकारी डॉ0 प्रतिमा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान लघु नाटिका में छात्राओं ने मातृभाषा का समाज में महत्व एवं उसके द्वारा लोगों को आपस में जोड़ने में किये जा रहे योगदान को प्रदर्शित किया गया। चलचित्रों के माध्यम से मातृभाषा का देश में अलग–अलग स्थानों एवं क्षेत्रों में महत्व एवं उपयोगिता को प्रदर्शित किया गया। विभिन्न मातृभाषाओं में उपलब्ध किताबों एवं अभिलेखों का प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं को दिखाया गया। जिससे उन्हें देश में प्रयोग होने वाली विभिन्न प्रकार की मातृभाषाओं की जानकारी हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने छात्राओं से कहा कि मातृभाषा देश में विभिन्न प्रकार की विभिन्नताओं को एक सूत्र में बांधे रहती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

phQ C;jks& nSfud tkxj.k] nSfud vkt] vej mtkला, **स्वतन्त्र भारत, राष्ट्रीय सहारा,** fgUnqLrku] **जन संदेश**] nSfud lojk] ykd Hkkjrh] ;qukbVsM Hkkjr] r:.k fe=] lk/; gypy nSfud ykd HkkjrhA